**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 09.01.2026**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।**

जालौन पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अचूक साक्ष्य संकलन तथा डीजीसी क्रिमिनल व उनकी टीम, कोर्ट पैरोकार की प्रभावी पैरवी फलस्वरूप 01 अभियोग में मान0 न्यायालय द्वारा 01 अभियुक्त को 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**मुकदमें में सजा पाये अभियुक्त का विवरण निम्नवत है –**

**प्रकरण प्रथम–** अभियुक्त राजेश नाई पुत्र सुखराम नाई नि0 ग्राम सुढार थाना व जनपद जालौन द्वारा मारूति वैन के बगल में मोटर साइकिल लगाकर वादी ब्रजकिशोर मिश्रा की पत्नी से मंगलसूत्र, मोबाइल व एक हजार रुपये झपट्टा मारकर ले जाने के संबन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर दिनांक 19.06.2010 को कोतवाली जालौन पर मु0अ0सं0 797/10(वाद संख्या 101/10) धारा 392 भादवि पंजीकृत हुआ था। कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा अभियुक्त को दिनांक 19.09.2010 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचक द्वारा प्रभावी साक्ष्य संकलन व गवाहों के बयान अंकित करते हुए वैज्ञानिक तरीके से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध दिनांक 06.10.2010 को आरोप पत्र मान0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

जालौन पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए दिनांक 06.09.2025 को मा0 न्यायालय स्पेशल डकैटी कोर्ट उरई जनपद जालौन द्वारा अभियुक्त राजेश नाई को दोषी पाते हुए 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।